तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 9 जुलाई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 शिवनाथ नदी में बाढ़ आपदा से बचाव के लिए किया ...





10 स्मार्ट मीटर शुरुआती परीक्षण में पास, दस ...





स्थापना वर्ष 2014

VIPS

आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें ...

विजन पैरामेडिकल

INFORMATION *CAREER GUIDANCE *ADMISSION
* COUNSELING & COACHING CENTER

प्रवेश प्रारंभ

गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी
एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य हैं।

मोबा. 9340751120, 9131330801

गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध

पता: रायपुर रोड, शासकीय पी.जी. कॉलेज के सामने, सृजन ITI के पीछे, कोबिया, बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

COURSES

योग्यता - 12 वीं (जीव विज्ञान)

- BACHELOR IN MED.LAB. TECHNICIAN - 3 Years
- DIPLOMA IN MED.LAB. TECHNICIAN - 2 Years
- DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
- DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
- DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
- CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Year

## NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो फीस नहीं : PCI भिलाई

जो स्टूडेन्ट NEET व JEE की तैयारी करना चाहते हैं। उनके लिए सुनहरा अवसर है क्योंकि 15 जुलाई से नया बैच प्रारंभ होने जा रहा है जिसका नाम NEET व JEE जूनून बैच है।

इस बैच में पढने वाले स्टूडेन्ट को NEET व JEE में चयन होने के बाद ही फीस लिया जाता है यह बैच सीमित स्टूडेन्ट के लिए है केवल 40 स्टूडेन्ट ही इस बैच में पढाई करेंगे। इस बैच में प्रत्येक दिन 6 घंटे की क्लास व 3 घंटे की डाऊट क्लास इस तरह प्रत्येक दिन 9 घंटे की क्लास होगी। हर रविवार NEET व JEE आधारित साप्ताहिक टेस्ट होगी। इस बैच में पढाने वाले शिक्षकगण दिल्ली व कोटा के विषय विशेषज्ञ डाक्टर्स व आईआईटियन्स है। स्टूडेन्ट को क्लास में DPP, कम्पलीट स्टडी मटेरियल पैकेज, बैग, टी शर्ट दी जायेगी। लाइब्रेरी व छात्रावास की भी सुविधा है। कोर्स कम्पलीट उपरान्त स्टूडेन्ट को ऑल इण्डिया टेस्ट सीरीज कराया जायेगा। बच्चों को मोटिवेशनल क्लास भी कराया जाता है जिससे उनमें आत्मविश्वास जागृत होती है।

जूनून बैच जैसे कि नाम से विदित हो रहा है कि सभी स्टूडेन्ट का नीट व जेईई में चयन कराना यह ऐसा बैच है जिसका सलेक्शन रेशियो 100% होता है। PCI भिलाई का उद्देश्य है कि हर स्टूडेन्ट देश के प्रतिष्ठित एम्स कॉलेज व आई.आई.टी. कॉलेज में पढ़ाई करें।

जूनून बैच के स्टूडेन्ट ने पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है जो छत्तीसगढ़ में एक अतुल्य परिणाम है।

आज नीट व जेईई में चयन होना बहुत ही आसान है। इसके लिए स्टूडेन्ट को प्रतिदिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाऊट क्लास अटेण्ड करना है। DPP को प्रैक्टीस करना है व डाऊट पूछना है। हर संडे टेस्ट देना है।

बस इतना कार्य स्टूडेन्ट ईमानदारी से कर लेता है तो उसे नीट व जेईई में सलेक्शन होने से कोई नहीं रोक सकता, बस यही सफलता का मूलमंत्र है। तो चलो स्टूडेन्ट आज ही जूनून बैच ज्वाइन करें व सफलता का इतिहास गढ़े।

**PCI संस्था भिलाई में शॉप नं. 133 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई में संचालित होती है। मो.नं.- 7805888600.**

Advt.


## खबर संक्षेप



### प्राथमिक शाला पिकरी में मना प्रवेश उत्सव

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला वार्ड नं 1, पिकरी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराकर व पाठ्य पुस्तक के साथ बच्चों को स्कूल ड्रेस वितरण भी किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद पंचू साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल रजक, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मोहन साहू, वार्ड नं 1पार्षद प्रतिनिधि यशवंत लहरे, मनोज वर्मा सहित शाला परिवार के प्रधान पाठक केशर ठाकुर, एमके चतुर्वेदी आईएस कुर्रे, आर एल साहू, मनीषा एवं मनोज निषाद उपस्थित थे। प्रधान पाठक ठाकुर ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

### नवागांव गहिरा स्कूल में किया गया पौधारोपण



**साजा।** प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव गहिरा में समस्त शिक्षकों के सौजन्य से पौधारोपण किया गया। शाला परिसर में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक एल. आर. कौशिक की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया। इस दौरान आम, कदम, इमली और बादाम के पौधे लगाए गए। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाया गया। उपस्थित शिक्षक धनेश रजक ने पहले बच्चों को वृक्षों की महत्ता एवं उपयोगिता को बताई । इसके साथ ही इनके संरक्षण की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में स्कूल के दोनों प्रधान पाठक महेश साहू, प्रधान पाठक रोहित वर्मा , शिक्षक राजेंद्र रात्रे, धनेश रजक, योगेश साहू, परस यादव, व माहेश्वरी का विशेष योगदान रहा।

### टेकवाडीह में 34 लोगों की सिकलिंग जांच की गई

**गुरूर।** ग्राम टेकवाडीह में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 0 से 40 वर्ष के 34 व्यक्तियों की सिकलिंग जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग से आरएचओ बीएल साहू ने लोगों को दस्त पखवाड़ा एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी दी। साथ ही जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के अंतर्गत परिवार नियोजन के अस्थाई साधन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान जनसंख्या की बढ़ती विकास दर एवं सीमित होते संसाधनों और आगामी जीवन की भयावहता की चर्चा की गई एवं उसे रोकने का एकमात्र उपाय जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए समेकित प्रयास किये जाने की बात कही गई।

## विरोध

### बिजली की दर में की गई वृद्धि का किया विरोध, की वापस लेने की मांग

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घेरा बिजली दफ्तर राज्य सरकार को जगाने बजाया नगाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- अघोषित बिजली कटौती का लगाया आरोप

जिला मुख्यालय से लेकर अंचल में अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज की समस्या , ट्रांसफार्मर की अनुउपलब्धता सहित बिजली की दर में हुई वृद्धि के विरोध में शहर कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के सामने नगाड़ा बजाकर प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद बिजली की दरों में की गई वृद्धि को वापस लेने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया।

कार्यक्रो संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार की गलत नीतियों के कारण राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद भी बेतहाशा वृद्धि कर दी गई है। अघोषित बिजली कटौती की जा रही है, जिससे प्रदेश की आम जनता और किसान परेशान है । पिछले 2 माह से जनता को बढ़ी हुई बिजली बिल थमाया जा रहा है । कांग्रेस सरकार ने पिछले 5 वर्षों में विपरीत परिस्थितियों मे भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना की शुरुआत की थी, जिसका लाभ प्रदेश की 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटे बिजली आपूर्ति होती थी गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से बिजली खरीदकर आम जनता को 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाती थी। रबी फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए निशुल्क बिजली मिलती थी, परंतु वर्तमान भाजपा सरकार में विद्युत व्यवस्था बदहाल स्थिति में पहुंच गई। प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल , लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, शकुंतला साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, टी आर जर्नादन,जोगेन्द्र छाबड़ा, ललित विश्वकर्मा,रीता पांडे अध्यक्ष शहर महिला कांग्रेस,पार्षद मनोज शर्मा, जया साहू ,रानी सेन, धरम वर्मा, राजू साहू,बहल वर्मा , सिद्धिक खान, वाहिद रवानी,गुलजार अली, हरीश साहू , प्रशांत तिवारी,जयप्रकाश साहू , देवशरण गोस्वामी, लक्ष्मी डेहरे, कुमार वर्मा, सीताराम यदु, श्रीराम यदु , ओमप्रकाश साहू ,गोलू साहू ,बसंत जोशी, गुरेन्द्र वर्मा , रामसंजीवन,गोलू यादव चमरू वर्मा,पप्पू साहू शाहिद, गोलू वर्मा,रिंकू बंजारे सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



### भाजपा से ना ही सरकार सम्हल रही न व्यवस्था : सुमन

शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुमन गोस्वामी ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा से ना ही सरकार सम्हल रही है न ही व्यवस्थाएं । सरकार एक तो पूरे समय बिजली भी नहीं दे पा रही है, ऊपर से बिजली उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज से बेमेतरा नगर सहित गांव की जनता परेशान है । 6 माह मे विद्युत सरप्लस वाला राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर हमने बिजली विभाग और सरकार को इस गंभीर समस्या के निराकरण के लिए नगाड़ा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया गया ।

# दोस्त की हत्या, चंद घंटे बाद पकड़ा गया आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा



- साजा पुलिस को मिली सफलता

रविवार की रात सोनी पारा में घटित हत्या के आरोपी को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। साजा निवासी शांता निर्मलकर ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी बड़ी बहन ममता निर्मलकर उमदा भिलाई में रहती है। जिसका बेटा मुकेश निर्मलकर 7 जुलाई को रात्रि में 08.30 बजे अपने साथी डिकेन्द्र नेताम उमदा भिलाई एवं भानू यादव निवासी जरवाय भिलाई तीन को साथ लेकर भिलाई से साजा आया था। मुलाकात के बाद घर जाने के लिये निकले थे, लेकिन घर न जाकर सरस्वती मंच साजा के पास बैठे थे। रात्रि में ही मुकेश निर्मलकर के साथी डिकेन्द्र ने आकर बताया कि मुकेश निर्मलकर भानू यादव को ईट पत्थर से मार रहा है। उसके तुरन्त बाद मुकेश निर्मलकर ने आकर बताया कि उसने अपने साथी भानू पर पत्थर पटक कर जान से मार दिया है। मामले की सूचना मोबाईल से थाना साजा को दी गई। साजा पुलिस तत्काल घटना स्थल पहुंची और घटना की तस्दीक कर आरोपी को पकड़ने टीम रवाना की गई। शान्ता निर्मलकर की रिपोर्ट पर लागू नये कानून की धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध किया गया। उसके बाद पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला तेजराम पटेल, उप पुलिस अधीक्षक

मनोज तिर्की एवं राजेश झा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू एवं थाना स्टाफ द्वारा कुछ घंटों के भीतर ही हत्या कर फरार आरोपी मुकेश निर्मलकर पिता स्व दिलेन्द्र उर्फ देवेन्द्र निर्मलकर उम्र 23 वर्ष साकिन उमदा(भाठापारा) थाना भिलाई तीन को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि भानू यादव भिलाई ▶▶ शेष पेज 11 पर

# महाविद्यालय में तैयार किये जा रहे उच्च गुणवत्ता के पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ढोलिया, बेमेतरा के डॉ. एस.एस. टुटेजा, निदेशक फार्म विस्तार, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा परिभ्रमण किया गया।

डॉ. टुटेजा द्वारा कृषि महाविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न इकाइयों एवं कार्यों का पुरा जायजा लिया गया। उन्होने ब्रीडर सीड प्रोग्राम के तहत सोयाबीन फसल का बारिकी से अवलोकन किया एवं फसलोत्पादन संबंधी सुझाव साझा किये। कृषि महाविद्यालय की नर्सरी युनिट में वर्तमान में टमाटर, मिर्च, एवं गोभी की उच्च गुणवत्ता युक्त नर्सरी तैयार कर रही है। जिसमें टमाटर के 50,000 मिर्च के 10,000 एवं गोभी के 10,000 पौधे तैयार किये गये हैं जो कि महाविद्यालय में बहुत ही कम किमत पर किसानों के लिए उपलब्ध रहेंगे। डॉ. टुटेजा द्वारा नर्सरी युनिट और कचरा से धन प्रोजेक्ट के अंतर्गत अलसी कपड़ा युनिट का भी निरिक्षण किया गया। उन्होंने प्रत्येक युनिट की कड़ी मेहनत एवं कार्यकुशलता की सराहना की। फार्म में कृषि कार्यों के अलावा डॉ. टुटेजा द्वारा महाविद्यालय के विभिन्न क्रियाकलापों, स्मार्ट क्लास, प्रायोगिक कक्षा, छात्रावास एवं छात्र-छात्राओं की विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया। यह परिभ्रमण कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. संदीप भंडारकर के नेतृत्व में संचालित किया गया इसमें कृषि ▶▶ शेष पेज 11 पर



# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- राजस्व पखवाड़े की शुरुआत के साथ ही शुरू हो गई समस्या



प्रदेश सरकार किसानों और ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम शुरू किया गया है, जो 20 जुलाई तक चलेगा। वहीं, पटवारी संघ सोमवार से मांगों को लेकर स्थानीय तहसील कार्यालय के सामने अनिश्चित कालीन हड़ताल प्रारम्भ कर दी है । इधर पटवारीयों की हड़ताल शुरू हो गई, उधर जिला प्रशासन सरकार के निर्देश पर राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किए है जिसमे पटवारी हल्कों व अन्य समस्याओं के निराकरण किया जाना है।परंतु शासन के महत्वपूर्ण अंग पटवारियों ने ऑनलाइन भुंया मे हो रही गंभीर समस्याओं के निराकरण नही होने एवं विगत वर्षो की मांगो की ओर शासन प्रशासन द्वारा निराकरण नही करने चलते अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए। जिले के सभी पटवारी आंदोलन पर बैठने से राजस्व विभाग के काम ठप हो जायेगा । किसान ,नागरिक, विधार्थी आय जाति को लेकर परेशान होंगे । संघ के अध्यक्ष बोधीराम निषाद ने बताया कि आंदोलन के पूर्व सम्पूर्ण छतीसगढ़ मे प्रांतीय आव्हान पर पूर्व से जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक प्रतिनिधि मंडल सहित ज्ञापन सौपा जा चूका है। सोमवार धरना प्रदर्शन में संघ के जिला सचिव अभिषेक माली, दिलीप रात्रे, विजय पाल,शैलेन्द्र जायसवाल, सोनिया अनंत, रोहित लहरी, देवेंद्र राजपूत, दिनेश ठाकुर, टूकेश्वर भारती, निमेश ध्रुव, अनुराधा, महेंद्र, अंकित गुप्ता, परस साहू, गुरुवचन डेहरे, गौरव साहू, सनत मंडावी, ऋषि निर्मलकर, अनिल क्षत्रिय, जानकी कुर्रे, नेहराम खुटे, सुंदर लाल घृतलहरे, विष्णु वर्मा, विनायक धर दिवान, रेखा दिवान, कमलेश चेलक, चंद्रप्रकाश साहू, मेघराज पटेल, लक्ष्मीकांत वर्मा, साकेत, रोशन वर्मा, धनेश्वर घृतलहरे , सेन कुमार घोष, दीपक, राजकुमार, राजन, नवरत्न, ज्योति, दिनेश ▶▶ शेष पेज 11 पर

## स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों को दी सलाह

# सांप डसे तो झाड़-फूंक में समय न गंवाएं, अस्पताल पहुंचें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा




बरसात का मौसम शुरू होते ही वातावरण में नमी और उमस बढ़ने के कारण जमीन में रेंगने वाले जहरीले कीट, सांप, बिच्छु अपने बिलों, रहवासों से बाहर आ जाते है, और लोगों को काटने का खतरा बढ़ जाता है। वर्षा का पानी उनके बिलों में भर जाने तथा अपने भोजन की तलाश में ये बाहर आते है तथा सुरक्षित स्थान की तलाश में अक्सर लोगों की घरों में घुस जाते है जिससे सर्पदंश की घटनाएँ बढ़ जाती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस आर चुरेंद्र व जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक बसोड़ ने विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सर्पदंश होने पर या जहरीले कीट के काटने पर एक से डेढ घंटे के भीतर पीडित को सही उपचार न मिलने से उसकी मृत्यु भी हो सकती है, इसलिये पीड़ित को शीघ्रताशीघ्र निकट के स्वास्थ्य केन्द्र में ईलाज के लिये लेकर आना चाहिए। कभी भी बैगा गुनिया या झाड़-फूंक के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। यद्यपि सभी सर्प जहरीले नहीं होते लेकिन सर्पदंश होने पर पीड़ित को घबराहट होती है, जो ऐसी स्थिति में जानलेवा हो सकती है। सर्पदंश के उपचार हेतु एंटीस्नेक वेनम का पर्याप्त डोज जिला अस्पताल सहित सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध है। अतः बिना देर किये नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में पहुँचकर उपचार कराना चाहिए। सर्पदंश पीडित को सही समय में ईलाज मिलने से उसकी जान बचाई जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग अक्सर जमीन पर सोते है और खेतों जंगलों में काम करने जाते है, जिससे उनकी सर्पदंश होने की संभावना बढ़ जाती है। अतः सोते समय चारपाई और केमिकल युक्त मच्छरदानी का उपयोग करने, घरों के आसपास सफाई रखने और अंधेरे स्थानों में जाने के लिऐ टार्च का उपयोग करने तथा खेतों में काम करने के दौरान घुटने तक वाले जुते पहनने की सलाह दी गई है।

### अस्पताल में इलाज उपलब्ध

कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार जिला स्वास्थ्य विभाग ने जनहित में सूचना जारी करते हुए कहा है कि सांप-बिच्छु या जहरीले कीड़े-मकोड़े के काटने पर पीड़ित का तत्काल उपचार कराने से उसकी जान बचाई जा सकती है। बेमेतरा जिले के सभी प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व जिला अस्पताल में सर्पदंश व जहरीले कीड़ों के काटने का उपचार उपलब्ध है।

### मासूम की मौत से पसरा मातम

बालोद/कलंगपुर। रनचिराई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फुण्डा में रविवार की शाम तालाब में दोस्तों के साथ नहाते समय कक्षा तीसरी में पढ़ने वाले 8 साल के छात्र की अचानक मौत से गांव में मातम छा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक 8 वर्षीय मनन कुमार ठाकुर पिता मुकेश ठाकुर रविवार को दोपहर में दुर्ग से अपने गांव फुण्डा में दादी से मिलने माता पिता के साथ आया था। मनन कुमार शाम 5 बजे गांव के हमजोली दोस्तों के साथ तालाब में नहाने चला गया। नहाते समय तालाब में डूब जाने से उनकी मौत हो गई।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### वरिष्ठ शिक्षक देवांगन को दी विदाई

**रायपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलीडीह में अपनी लंबी सेवाएं देने के बाद वरिष्ठ व्याख्याता गजानन देवांगन सेवानिवृत्त हो गए। उनका विदाई समारोह कार्यक्रम छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने स्कूल परिसर में रविवार को रखा। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य नितिन कुमार तलोकर ने अपने संबोधन में कहा कि देवांगन सर के अनुशासन और अध्ययन की कार्यशैली को यह विद्यालय हमेशा याद रखेगा। सभी शिक्षकों ने अपनी तरफ से खूबसूरत उपहार देकर उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके कार्यों का अनुसरण इस विद्यालय के सभी शिक्षक करेंगे, यह शपथ भी ली गई। इस अवसर पर सुषमा कोसरिया, वंदना साहू, यू. देवांगन, कामना उपाध्याय, योगिता नरवरे, दिनेश साहू, श्वेता भदौरिया, नारायण लाल साहू, दिव्या शर्मा और अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### एफ-95 फिजियोथेरेपी टीम ने लगाया निशुल्क शिविर

**रायपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए एफ-95 एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिसर्च सेंटर ने हाल ही में रायपुर में एंबिएंस सोसाइटी में एक मुफ्त फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में निवासियों की जबरदस्त प्रतिक्रिया देखी गई, जिसमें समाज के दो-तिहाई से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमुख फिजियोथेरेपिस्टों में से एक डॉ. संस्कृति मिश्रा ने कहा, एफ-95 के विशेषज्ञ फिजियोथेरेपिस्टों की टीम, जो अपने व्यापक अनुभव और उच्च तकनीक वाले उपकरणों के उपयोग के लिए जानी जाती है, ने मांसपेशियों की ताकत, संतुलन और मुद्रा का गहन मूल्यांकन किया। निवासियों को व्यायाम, सही मुद्रा, हाइड्रेशन, पोषण और आवश्यक जीवनशैली में संशोधन पर व्यक्तिगत सलाह प्रदान की गई थी। एफ-95 के मुख्य संचालन अधिकारी डॉ. सौमित्र ने कहा, हम इसी तरह के शिविरों की मेजबानी करने के लिए अन्य समाजों और संगठनों के साथ सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार हैं।

### शहीद पुलिस सेल का जल्द होगा गठनः डिप्टी सीएम

**रायपुर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राज्य के पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों की समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशीलता से निर्णय लेते हुए शहीद पुलिस सेल के गठन के निर्देश दिए हैं। इस पहल का उद्देश्य शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को आवश्यक सहायता और समर्थन प्रदान करना है।
विदित हो कि कुछ दिनों पूर्व शहीद पुलिसकर्मियों के परिजन अपनी समस्याओं को लेकर उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा से मिले थे और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया था, तब विजय शर्मा ने उन्हें आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री से चर्चा कर उनकी समस्याओं के निराकरण के प्रयास किए जाएंगे। श्री शर्मा ने बताया, प्रत्येक रेंज पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में शहीद पुलिस सेल का गठन किया जा रहा है।

# मध्यप्रदेश के बाद अब जल्द छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार सोमवार को हो रहा है। इसी के साथ अब छत्तीसगढ़ में भी साय मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द होने के आसार हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक बार फिर से रविवार को कहा है, मप्र में विस्तार हो रहा है, यहां भी जल्द होगा। इससे स्पष्ट है कि 22 जुलाई को मानसून सत्र प्रारंभ होने से पहले ही साय मंत्रिमंडल का विस्तार हो जाएगा। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद यहां पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बनाए गए और उसके मंत्रिमंडल में एक पद को छोड़कर बाकी मंत्री बने। इस बीच लोकसभा चुनाव में रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल बन गए। सांसद बनने के बाद उन्होंने प्रदेश के मंत्री और विधायक के पद से इस्तीफा दे दिया है। ऐसे में अब साय मंत्रिमंडल में मंत्रियों के दो पद खाली हो गए हैं। इन खाली पदों पर नियुक्ति को लेकर काफी समय से कवायद और चर्चा चल रही है। मुख्यमंत्री श्री साय दो बार दिल्ली का दौरा कर चुके हैं। उनके पहले दौरे में जहां मंत्रियों के नामों को लेकर चर्चा रही कि वे दिल्ली में राष्ट्रीय संगठन के नेताओं से मुलाकात करके मंत्रियों के नाम तय करेंगे, लेकिन इस दौरे में उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से हुई। इसके बाद फिर से उनका दिल्ली दौरा हुआ तो यह तय माना जा रहा था कि अब तो मंत्रियों के नाम तय हो जाएंगे, लेकिन इस दौरे के मायने अलग थे। हरिभूमि ने ही इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया कि अभी मंत्रिमंडल के विस्तार पर दिल्ली में चर्चा नहीं होगी और श्री साय का यह दौरा प्रदेश के भाजपा सांसदों के साथ संसदीय बोर्ड की बैठक के लिए है। श्री साय ने दिल्ली से वापस लौटने पर यह बात स्वीकार भी की कि यह दौरा भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक के लिए था।

## मानसून सत्र से पहले साय सरकार में बनेंगे दो नए मंत्री



### अब विस्तार के लिए ज्यादा इंतजार नहीं

साय मंत्रिमंडल के विस्तार के लिए अब ज्यादा लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। मप्र में डॉ. मोहन यादव कैबिनेट का विस्तार सोमवार को हो रहा है। इस विस्तार के बाद अब छत्तीसगढ़ में भी साय मंत्रिमंडल के विस्तार की कवायद तेज हो गई है। संभावना है कि मानसून सत्र के पहले कभी भी साय मंत्रिमंडल का विस्तार हो जाएगा। मंत्रियों के दो पदों के लिए थोक में कई दावेदार हैं। राष्ट्रीय नेतृत्व ही तय करेगा कि किनको मंत्री बनाना है।

## पॉवर कंपनी के प्रारंभिक परीक्षण में स्मार्ट मीटरों के सही होने के दावा

# स्मार्ट मीटर शुरुआती परीक्षण में पास, दस के आंकड़े मिले, दर्ज हुआ मामूली अंतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। रायपुर संभाग में टाटा कंपनी स्मार्ट मीटर लगा रही है। उपभोक्ताओं की संतुष्टि के लिए पांच फीसदी उपभोक्ताओं के यहां पुराने के साथ नए मीटर लगाने हैं। राजधानी रायपुर में पुराने के साथ कई उपभोक्ताओं के यहां ऐसा किया गया है। पॉवर कंपनी ने इसके बाद पुराने और नए मीटरों का परीक्षण कराने का काम 4 जुलाई को किया है। इसमें दो दिनों से लेकर 25 दिनों तक की खपत को देखा गया है। ऐसे में एक सप्ताह से 15 दिनों के अंदर के जो आंकड़े सामने आ रहे हैं, उसमें नए मीटरों में खपत आधे से एक यूनिट तक कम दर्ज की गई है। कुछ उपभोक्ताओं की खपत में मामूली बढ़त भी है, लेकिन यह बढ़त आधे यूनिट से कम है। पॉवर कंपनी का दावा है कि स्मार्ट मीटर पूरी तरह से फिट हैं। हालांकि यह प्रारंभिक परीक्षण ही है। आने वाले समय में जब उपभोक्ताओं के बिल आएंगे तो जानकारी सामने आएगी कि उनका बिल पहले से कम है या ज्यादा आ रहा है।

राजधानी रायपुर के डीडीनगर, सिविल लाइंस, कचना सहित कई क्षेत्रों स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। यह काम अभी तो धीमी गति से चल रहा है, पर आने वाले समय में इसकी रफ्तार बढ़ेगी। पॉवर कंपनी ने जिन उपभोक्ताओं के घरों पर पुराने के साथ नए मीटर भी लगाए हैं, उनमें से 10 उपभोक्ताओं का डाटा हरिभूमि को उपलब्ध कराया है। इस डाटा के मुताबिक स्मार्ट मीटर ठीक काम कर रहे हैं।





### डीडीनगर में मीटरों का परीक्षण

डीडीनगर में सत्तार मोहम्मद के घर पर 14 जून को लगे मीटर में 4 जुलाई तक पुराने मीटर में 104.50 और नए मीटर में 104.53 यूनिट बिजली की खपत दर्ज हुई है। डीडीनगर के अन्य उपभोक्ताओं में राजेंद्र चौधरी के यहां 12 जून से 4 जुलाई तक पुराने मीटर में 356.90 और नए मीटर में 356.26 यूनिट की खपत दर्ज हुई है। इसी तरह से ओमप्रकाश चंद्राकर के यहां 18 जून से 4 जुलाई तक पुराने मीटर में 104.70 और नए मीटर में 103.59 यूनिट, त्रिलोक पांडेय के यहां 22 जून से 4 जुलाई तक पुराने मीटर में 56.30 और नए मीटर में 56.29 खपत दर्ज की गई है।

### परीक्षण में खरे उतरे स्मार्ट मीटर

स्मार्ट मीटर का देश के सबसे बड़े लैब भोपाल में परीक्षण कराया गया है। उपभोक्ताओं के यहां पुराने के साथ जो नए मीटर लगाए गए हैं, उसका भी परीक्षण कराया गया है। इसमें मीटर खरे उतर रहे हैं।

*- राजेंद्र प्रसाद, सीई, स्मार्ट मीटर योजना, पॉवर कंपनी*

### सिविल लाइंस में परीक्षण का परिणाम

सिविल लाइंस निवासी धनीराम के घर पर 27 जून को पुराने के साथ नया मीटर लगाया गया है। इनके यहां 4 जुलाई तक पुराने मीटर में 40.20 यूनिट की खपत हुई, जबकि नए मीटर में खपत 40.29 यूनिट दर्ज की गई है। इसी तरह से सिविल लाइंस के उपभोक्ता हेम सिंह साहू के यहां 2 जुलाई को मीटर लगाया गया। यहां पर दो दिनों में पुराने में मीटर में 21 यूनिट और नए मीटर में 20.68 यूनिट की खपत हुई। इसी तरह से इस क्षेत्र में दिनेश कुमार गुप्ता के यहां 25 जून को लगे मीटर में 4 जुलाई तक पुराने मीटर में 44.70 और नए मीटर में 44.57 यूनिट की खपत दर्ज हुई है। एक और उपभोक्ता श्मामा बाई मसीह के घर पर 29 जून से 4 जुलाई के बीच में पुराने मीटर में 146.31 और नए मीटर में 146.30 यूनिट की खपत दर्ज की गई है। कचना में पीयूष कुमार साहू के निवास में 1 जुलाई से 4 जुलाई तक पुराने मीटर में 21.00 और नए मीटर में 20.63 यूनिट खपत दर्ज की गई है।

## मराठा युवा समाज ने रोपे औषधीय पौधे



**रायपुर।** मराठा युवा समाज द्वारा कबीर नगर पुलिस थाना प्रांगण में रविवार को औषधीय पौधों का रोपण किया गया। साथ ही समाज के सदस्यों ने उनकी रक्षा करने का प्रण लिया। इसमें मराठा युवा समाज, महाराष्ट्र मंडल, कबीर नगर थाने के पुलिसकर्मी, कबीर नगर के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस मौके पर मराठा युवा समाज अध्यक्ष लोकेश पवार ने बताया कि युवा समाज ने छत्रपति शिवाजी महाराज के 351वें राज्याभिषेक वर्ष में 351 औषधीय पौधे लगाने का प्रण किया है, जिसके तहत हम पर्यावरण की खुशहाली के लिए पौधे भी लगाएंगे और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी निभाएंगे। कार्यक्रम में मराठा युवा समाज के महासचिव मनीष भोंसले, गणेशा जाधव, सचिव संजू राव, रविकांत शिंदे, अभय भागवतकर, प्रमुख वैभव बर्वे, महिला प्रमुख अनघा करकशे, लक्ष्मीकांत चौधरी, दिनकर करकशे, अखिलेश जोशी, पल्लवी जोशी, एस. किशोर कुमार, आदित्य परहाड, डॉ. मनमोहन सिंह, रविंद्र सिंह, प्रदीप शुक्ला, कृष्णकांत पांडे, सिरमौर साहू, शशांक मिश्रा, गौरांग पाण्डेय, राम और अन्य नागरिक तथा कबीर नगर थाने के पुलिस कर्मचारी उपस्थित थे।

## अवैध संबंध के आरोप में हत्या की कोशिश, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** पंडरी थाने की पुलिस ने दो बदमाशों को हत्या की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। विवाद की वजह एक आरोपी द्वारा पीड़ित के साथ उसकी पत्नी के साथ संबंध होना बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक कौशिक राणा की हत्या की कोशिश करने के आरोप में बलौदाबाजार निवासी हिरावन साहू तथा पारथ उर्फ राजू साहू को गिरफ्तार किया है। कौशिक ने पुलिस को बताया है कि वह अपने एक अन्य साथी तथा आरोपी साइट पर काम कर रहे थे। इसी दौरान हिरावन ने कौशिक को अपनी पत्नी के साथ संबंध होने का आरोप लगाते हुए अपने दूसरे साथी के साथ मिलकर कौशिक के पेट पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया।

## एम्स की डॉ. उज्जवला अमेरिका में पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- मिला सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय सारांश पुरस्कार

चिकित्सा संस्थानों में फैलने वाले कैंडीडा ओरिस नामक फंगस की रोकथाम के लिए अमेरिका में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में एम्स की चिकित्सक द्वारा प्रस्तुत पत्र को सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय सारांश का पुरस्कार मिला है। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की प्रो. उज्जवला गायकवाड़ को अमेरिका के टेक्सास में आयोजित एसोसिएशन फॉर प्रोफेशनल्स इन इंफेक्शन प्रिवेंशन एंड कंट्रोल (एपिक-24) एनुअल कांफ्रेंस एंड एक्सपोजिशन में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। अमेरिका की 40 वर्ष पुरानी यह संस्था दुनियाभर के माइक्रोबायोलॉजी के विशेषज्ञों को एक साथ लाकर संक्रमण को रोकने



के लिए प्रभावी रणनीति बनाने की दिशा में कार्य करती है। 'कैंडीडा ओरिस' एक प्रकार का फंगस होता है, जिसे डब्ल्यूएचओ द्वारा दुनिया के लिए चुनौतीपूर्ण बताया गया है। इसके दुष्प्रभावों और संक्रमण को रोकने के लिए चिकित्सक एवं शोधार्थी प्रयासरत हैं। प्रो. गायकवाड़ एम्स में संक्रमण नियंत्रण अधिकारी भी हैं। इस कांफ्रेंस में दुनियाभर के 30 देशों के 4000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्हें सर्वश्रेष्ठ सारांश का पुरस्कार अध्यक्ष केरोल एम. मेक्ले की ओर से प्रदान किया गया। कार्यपालक निदेशक अशोक जिंदल और अन्य चिकित्सकों ने बधाई दी है।

## जीएम ने अभनपुर- सीबीडी स्टेशन के इंफ्रास्ट्रक्चर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- महाप्रबंधक ने यात्री सुविधाओं व पुनर्विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने दिए निर्देश

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महाप्रबंधक नीनू इटियेरा ने रविवार को रायपुर रेलमंडल के अभनपुर, सीबीडी, मंदिर हसौद स्टेशन का निरीक्षण किया। केंद्री से अभनपुर नैरो गैज से ब्रॉड गेज अमान परिवर्तन का कार्य पूर्ण होने पर भविष्य में रेल परिचालन किया जाएगा। महाप्रबंधक ने इस परियोजना से जुड़े सभी पहलुओं का गहन अध्ययन करते हुए स्टेशन में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया व कार्य की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने कार्यों के ले-आउट प्लान का अवलोकन भी किया, साथ ही संरक्षा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए



यात्री सुविधाओं एवं पुनर्विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी सहित रायपुर रेलमंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

### पूरे सेक्शन के कार्यों की ली जानकारी

अभनपुर स्टेशन पर नवनिर्मित स्टेशन बिल्डिंग में उन्होने यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधाओं, ट्रेन परिचालन के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर का निरीक्षण किया। अभनपुर स्टेशन पर बने गुड्स शेड, आवागमन के लिए एप्रोच रोड, सीबीडी स्टेशन की बिल्डिंग का निरीक्षण व अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मंदिर हसौद स्टेशन पर हो रहे विकासात्मक कार्यों, यात्री सुविधाओं के लिए फुट ओवरब्रिज, टिकट काउंटर का निरीक्षण किया। अभनपुर से रायपुर के मध्य पूरे सेक्शन का गहनता से निरीक्षण किया। सभी अमृत भारत स्टेशनों और अन्य स्टेशनों पर दिव्यांगजनों एवं ग्राहकों का विशेष ध्यान रखते हुए उनके अनुकूल रेल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री से मुलाकात, सिंधी समाज के लिए जमीन की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- शासकीय अवकाश के लिए सीएम को दिया धन्यवाद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुख्यमंत्री निवास पर छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने इस वर्ष चेट्रीचंड्र के अवसर पर सिंधी समाज को शासकीय अवकाश प्रदान किया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि सिंधी समाज द्वारा सेवाकार्य के लिए जमीन की मांग कुछ समय से की जा रही है। सिंधी समाज के आयोजन में मुख्यमंत्री ने समाज को आश्वस्त किया था कि इस संबंध में सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे।
उन्हीं बातों को ध्यान में रखकर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की तथा उनसे निवेदन किया कि इस संबंध में जल्द से जल्द कदम उठाए जाएं, ताकि सेवाकार्य की कड़ी को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत आगे बढ़ा सके। मुलाकात करने वालों में चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी, महेश दरयानी, महेश रोहरा, बलराम आहूजा, सुभाष बजाज, जीवत बजाज, कैलाश खेमानी, कैलाश बालानी आदि उपस्थित थे।

## स्थाई अध्यक्ष के चुनाव से पहले सभी राज्यों में प्रदेश संगठन के चुनाव होंगे

# प्रदेश भाजपा संगठन में मंडल स्तर से होगा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- 10 जुलाई को कार्यसमिति में तय होगा, चुनाव की प्रक्रिया कब से प्रारंभ होगी

लोकसभा चुनाव निपटने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से लेकर राज्यों के संगठनों में चुनाव होंगे। ऐसे में प्रदेश भाजपा संगठन में मंडल स्तर से बदलाव होगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 20 जून को समाप्त हो गया है। वैसे भी उनको मोदी कैबिनेट में लिया गया है। उनके स्थान पर फिलहाल तो किसी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाएगा।



इसके बाद स्थाई अध्यक्ष के चुनाव से पहले सभी राज्यों में प्रदेश संगठन के चुनाव होंगे। छत्तीसगढ़ में भी मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया पूरी करके प्रदेश संगठन के चुनाव कराए जाएंगे। 10 जुलाई को राजधानी रायपुर में होने वाली प्रदेश कार्यसमिति में प्रदेश संगठन के चुनाव को लेकर फैसला होगा।

इसमें तय होगा कि किस स्तर के चुनाव कब से प्रारंभ होंगे। बीते साल छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव के डिप्टी सीएम बनने के बाद उनके स्थान पर प्रदेशाध्यक्ष का जिम्मा विधायक किरण देव को दिया गया। इसी के साथ प्रदेश संगठन के तीनों महामंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, विजय शर्मा के चुनाव जीतने के कारण उनके स्थान पर नए महामंत्री बनाए गए। किरण देव की कार्यकारिणी में ज्यादा बदलाव नहीं किया गया है। लोकसभा चुनाव के बाद आगे कार्यकारिणी में बदलाव की बात की गई थी, लेकिन फिलहाल किसी तरह के बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं, क्योंकि अब भाजपा के नए राष्ट्रीय का चुनाव होना है। इस चुनाव के तय होने के साथ ही सभी राज्यों में भी चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

### मंडल स्तर से होने हैं चुनाव

राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले प्रदेश संगठन में मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। मंडल अध्यक्षों के चुनाव के बाद जिला अध्यक्षों के चुनाव होंगे। संभावना है कि मंडलों के साथ जिलाध्यक्षों में बड़े बदलाव होंगे। इसी के साथ प्रदेश स्तर पर जरूर कार्यकारिणी में कुछ बदलाव होंगे। प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ही रहेंगे या फिर किसी और को बनाया जाएगा, यह भी देखने वाली बात होगी। अगर किरण देव को साय मंत्रिमंडल में स्थान मिल गया तो फिर प्रदेशाध्यक्ष का बदला जाना तय है। पूरी प्रक्रिया का प्रारंभ कब से होगा, इसका फैसला प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में 10 जुलाई को होगा। इस बैठक में पहली बार मंडल अध्यक्षों को भी बुलाया गया है। पहली बार बड़ी कार्यसमिति हो रही है। इसमें प्रदेश संगठन के चुनाव के साथ ही नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव पर भी मंथन होगा।

# किसान संघर्ष समिति की बैठक सीएम से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पेंड्रावन जलाशय बचाओ किसान संघर्ष समिति की बैठक रविवार को हुई। इस दौरान उच्च न्यायालय के आदेश पर जलाशय पर आए पुनः संकट के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में 115 वर्ष पुराने, सिंचाई और निस्तार के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने वाले जलाशय के संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता जताई।

इस मौके पर धरसींवा विधायक अनुज शर्मा और पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल ने कहा कि पूर्व में भी सरकार ने किसानों के हितों को देखते हुए जलाशय के कैचमेंट में



खनन परियोजना को रोका है। इस बार भी सरकार व्यापक किसानहित में निर्णय लेगी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसान संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही समय लेकर मुख्यमंत्री और जल संसाधन मंत्री से मुलाकात कर जलाशय के संरक्षण की मांग करेगा। संघर्ष समिति के साथी आलोक शुक्ला को पर्यावरण के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर श्रीफल और शॉल से सम्मान किया गया। बैठक में कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा, अनिल नायक, घनश्याम वर्मा, आलोक शुक्ला, ललित बघेल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण, किसान शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### अल्पसंख्यकों के कल्याण संबंधी विषयों पर हुई चर्चा

**बालोद।** जिले में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया। डिप्टी कलेक्टर प्रतिमा ठाकरे ने बैठक में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की और 15 सूत्रीय कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी सहित अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य उपस्थित थे। प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम में शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा देने, आर्थिक कार्यकलापों एवं रोजगार में समुचित हिस्सेदारी, अल्पसंख्यकों के जीवन स्तर की दशा में सुधार करना और साम्प्रदायिक घटनाओं की रोकथाम व नियंत्रण आदि शामिल किया गया है।

### प्रेमप्रकाश आश्रम में 138 यूनिट रक्तदान

**रायपुर।** गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज के 138वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शैलेंद्र नगर स्थित प्रेमप्रकाश आश्रम में रविवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 53 महिला और 85 पुरुषों ने मिलकर कुल 138 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदाताओं को आश्रम की तरफ से पखर, प्रसाद, मोमेंटो व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। आश्रम के अध्यक्ष अशोक मंधान व महासचिव विजय मोटवानी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्वामी टेऊंराम महाराज का चालीसा जन्मोत्सव 40 दिन तक पूरे देश, विदेश सहित रायपुर में भी बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।

## पेज 9 के शेष

### दोस्त की हत्या, चंद ...

से अपने किसी परिचित की मोटर सायकल मांग कर लाया था। भानू यादव द्वारा मांगी हुई मोटर सायकल पर मुकेश निर्मलकर के घुमने जाने पर गाली गलौज करने से मुकेश निर्मलकर शराब के नशे में आक्रोशित होकर भानू यादव को हाथ मुक्का से मारपीट कर जमीन में गिरा कर पत्थर से सिर एवं सिना को कुचल कर हत्या कर दिया। आरोपी मुकेश निर्मलकर को नये कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक राजकुमार साहू थाना प्रभारी साजा, सउनि कवल सिंह नेताम, विजेन्द्र सिंह, येमन बघेल, गौरी शंकर शर्मा, आरक्षक पियुष सिंह, राजू यादव, अमित सिंह, रामानुज जयसवाल एव अन्य थाना स्टाफ सक्रिय रहे।

### अनिश्चितकालीन ...

नामदेव प्रमोद राजपूत, लोकेश ध्रुव, अभिषेक सोनी, ईश्वर ध्रुव, घनश्याम सेन, नरेंद्र राजपूत, अश्वनी भास्कर, लोकेश रात्रे, मुकेश,वैशाली गुप्ता, ओंकार सोनवानी, टोपु वर्मा, भोमलता, स्वेता मिश्रा, भूमिका रानी, धर्मेंद्र इत्यादि शामिल रहे।

### महाविद्यालय में ...

महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता डॉ. के.पी. वर्मा के अलावा डॉ. टी.डी. साहू, डॉ. यू.के ध्रुव, कुंती बंजारे, डॉ. साक्षी बजाज, राजेश कुमार बर्मन सम्मिलित हुऐ।

# सड़कों पर गड्ढे, गड्ढों में पानी, राहगीरों की बढ़ गई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला मुख्यालय में बारिश का मौसम आते ही गली मोहल्लों से गुजरने वाली सड़कों के गड्ढों में जमा गंदे पानी लोगों के लिए समस्याओं का कारण बना हुआ है। राहगीरों को सड़क के गड्ढों में पानी भरे होने से उसकी गहराई का पता नहीं चल पाता और राहगीरों दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते है। वहीं, कीचड़ व गंदे पानी के कारण राहगीरों के कपड़े भी खराब हो रहे हैं, जिसके कारण लोग बहुत ज्यादा परेशान नजर आ रहे हैं। नगर पालिका क्षेत्र स्थित नयापारा सड़क, दल्ली चौक से सदर मार्ग सड़क, जवाहर पारा सड़क, कुंदरू पारा सहित अनेक वार्डो की सड़के गड्डो में तब्दील हो

**जिला मुख्यालय में सड़कों पर गंदे पानी से लोग परेशान**





चुकी है लेकिन नगर पालिका द्वारा सड़क मरम्मत के कार्यों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जबकि दल्ली चौक से सदर मार्ग सड़क में स्कूल भी है, जहाँ से रोजाना स्कूली बच्चों का आना जाना लगा रहता है, बावजूद गड्डो को समतल करने के लिए नगर पालिका द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है, यही हालात नयापारा, जवाहर पारा, कुंदरू पारा में देखने को मिल रहा है जहाँ सड़कों में गड्डे नजर आ रहे हैं। जिला मुख्यालय की अधिकांश सड़कों पर डामरीकरण करने की जरूरत है, जिससे राहगीरों को सुगम सड़क की सुविधा मिल सके लेकिन नगर पालिका द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण राहगीरों को रोजाना गड्ढों का सामना करना पड़ रहा है।

**उपलब्धि**

**बिहार में आयोजित कार्यक्रम में गूंजा छत्तीसगढ़िया सबले**

# राष्ट्रीय कब बुलबुल महोत्सव में सोरली विद्यालय के बच्चों ने लहराया परचम





हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

राष्ट्रीय स्तर पर कब बुलबुल महोत्सव में विकासखंड डौण्डी लोहारा के शासकीय प्राथमिक शाला सोरली के प्रतिभागी बुलबुल के मुख्यालय पहुंचे। इस अवसर पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एके साहू ने महोत्सव में बालोद जिले के 6 बुलबुल के साथ प्रभारी फ्लॉक लीडर बसंती पिकेश्वर का स्वागत अभिनंदन किया। उक्त उत्सव में 06 बुलबुल शासकीय प्राथमिक शाला सोरली से नेशनल लेवल कब बुलबुल महोत्सव में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए पांच दिवसीय कब बुलबुल बरौनी बिहार में शामिल हुए थे। स्वागत की कड़ी में सरपंच दुर्गेश्वरी यदु ग्राम, पटेल परस राम द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अश्वन साहू ने कहा स्काउट गाइड अंतर्गत विकासखंड शुरू से प्रत्येक गतिविधियों में अग्रणी रहा है कबिंग की गतिविधि में एक जोश आया है जो बच्चों को खेल खेल में शिक्षा देते हुए सर्वांगीण विकास कर रहे हैं कब बुलबुल को भव्य स्वागत के साथ प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक सुरेंद्र कुमार रामटेके, रेखा देवांगन, मंजू गंजीर, सोमलता ठाकुर, योगेश्वरी देवांगन, पालकगण चंदा बाई , सुजाता बाई, दिलेश्वरी पटेल, तिलेश्वरी बाई आदि उपस्थित रहे । कब बुलबुल के राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए वरिष्ठ स्काउट भोलाराम साहू, संयुक्त सचिव नोम साहू, स्काउटर वारूणी दिल्लीवार, मिलन सिन्हा, कब मास्टर परमानंद साहू, गजेद्र खरे, दयालु पिंकेश्वर, कैलाशनाथ साहू, विजय पटेल ने बच्चों के बधाई व शुभकामनाऐं दी है।

### बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर दिलाई पहचान

राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशन एवं जिला आयुक्त पी सी मरकले,जिला सचिव के एल गजेन्द्र, डी ओ सी प्रेमलता चंद्राकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा जी के मार्गदर्शन में राज्य के अगुआई में विकासखंड के कब बुलबुल गतिविधियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक कक्षाओं के छोटे बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया जाता है। इन छोटे बच्चों में लड़कों को कब और लड़कियों को बुलबुल का नाम दिया गया है। कब बच्चों की गतिविधियां मोगली की कहानी पर आधारित होती हैं, जिसमें छोटे खेल होते हैं।

कब बुलबुल बच्चों को तारा स्टोरी से पक्षियों के जैसे तोता, मैना, कोयल आदि के खेल, कहानियां, स्वयं करके सीखने की क्रिया पर बल दिया जाता है। इनको प्रथम चरण से चतुर्थ चरण का पाठ्यक्रम खेल खेल में करवाया जाता है। चारों चरण के पाठ्यक्रम के बाद बच्चों को राज्य स्तर पर टेस्ट देना होता है, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड की चयन प्रक्रिया होती है।

### विभिन्न गतिविधियों में पाया उत्कृष्ट स्थान

कब बुलबुल नेशनल लेवल कब बुलबुल महोत्सव बरौनी बिहार में 7 से 10 वर्ष तक के कब बुलबुल बच्चों के द्वारा बड़ी सलामी, बुलबुल ट्री,आदर्श वाक्य, ,स्टोरी टेलिंग,नियम प्रतिज्ञा, कब-बुलबुल ग्रेडिंग, फ्लेग होस्टिंग ,घेरा गीत, सिक्स सॉन्ग कल्चरल प्रोग्राम, जंगल नृत्य, फोक डांस पेपर कटिंग, बुलबुल ट्री प्रतियोगिता, स्टोरी टेलिंग, मेला प्रदर्शनीय, फ्लेग सेरेमनी, योग, जुंबा एरोबिक, उत्सव मेला, टनल, तारा स्टोरी, प्रार्थना, टोटम पोल, प्ले एक्टिंग, आदि लाल फूल व कलरव जैसे सभी गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान होना बताया गया। साथ ही नृत्य में प्रथम, क्राफ्ट वर्क में तृतीय, पोशाक में तृतीय स्थान रहा। प्रभारी के रूप में बसंती पिकेश्वर शिक्षिका रही। स्वागत की कड़ी में पुष्पगुच्छ के साथ मुंह मीठा एवं मंगल शुभकामनाएं बधाई दी गई।

### बिलासपुर रेल मंडल महाप्रबंधक से मिले चैंबर के पदाधिकारी



**दल्लीराजहरा।** बिलासपुर रेल मंडल के मुख्य महाप्रबंधक नीनु इटियेरा एक दिवसीय दल्लीराजहरा प्रवास पर पहुंची। इस दौरान छत्तीसगढ़ चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स इकाई दल्ली राजहरा के व्यापारियों ने उन्हें सौंपा ज्ञापन। दल्लीराजहरा क्षेत्र के व्यापारियों ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर रेलवे से संबंधित समस्याओं का निदान जनहित में किए जाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस पर महाप्रबंधक ने शीघ्र ही उचित समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया ।

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स इकाई दल्ली राजहरा के व्यापारियों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने के लिए विभिन्न मांगों को समय -समय पर रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत कराते गए हैं 1 परंतु अब तक कोई संतोषजनक जवाब या कार्यवाही नहीं हो पायी है दल्ली राजहरा में रेलवे वाशिग प्लांट चालू किया जाए, ट्रेन क्रमांक 08816 डेमो ट्रेन में अतिरिक्त बोगी जोड़ा जाए,. ट्रेन क्रमांक 07826 दुर्ग डेमो जो सप्ताह में 3 दिन चलता है ,उसे प्रतिदिन चलाकर इसके फेरे को बिलासपुर तक बढ़ाकर ट्रेन को दल्ली राजहरा से बिलासपुर तक चलाई जाए। इस दौरान शंकर कुकरेजा, अशोक लोहिया,प्रेम जयसवाल , विनोद गुणधर, विजय कुकरेजा, अमित जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# नवागढ़ में धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़

रविवार को भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का पर्व भारत समेत प्रदेश भर में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। नवागढ़ नगर में रथ यात्रा के पूर्व शारदा मन्दिर में भक्तों ने जगन्नाथ भगवान की विधिवत पूजा-अर्चना की और नगर में रथयात्रा निकाल कर खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।

- रथयात्रा के दौरान उमड़ा श्रद्धा का सैलाब
- लोगों ने जगह-जगह किया स्वागत

भगवान कृष्ण के जयकारे से पूरा शहर गुंजायमान हो गया। नगरवासियों के संयुक्त तत्वावधान में निकली रथयात्रा में सैकड़ों की संख्या में नगर से आए श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा को यादगार बनाने के लिए कतारों में चलते रहे। नगर के प्रमुख पर्यटन स्थल स्थित शारदा मंदिर परिसर के सामने एकजुट हुए श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। छत्तीसगढ़ की पारम्परिक वेशभूषा में पारंपरिक गढ़वा बाजे के संगीत के साथ रथ यात्रा यहां से गणेश मंदिर, बसस्टैंड, राजीव गांधी चौक,सुरकी तालाब होते हुए प्राचीन रामजानकी मंदिर पहुंचा।



रथ-यात्रा में युवाओं का जोश देखते बन रहा था। भगवान के मुख का पट खुलते ही कोई रथ के पास आकर सेल्फी लेते दिखा तो कोई दूर से ही भीड़ के साथ खुद की फोटो खींचता रहा। युवतियां भी अपने दोस्तों के साथ इस पल को यादगार बनाने के लिए फोन से सेल्फी लेती रहीं। शहर के विभिन्न चौराहों से रथ निकलने के दौरान श्रद्धालु स्वागत करने के लिए कतारों में खड़े रहे।

इस दौरान अन्नू केशरवानी, सुधीर सोनी, मिंटू बिसेन, राजा गुप्ता, राजू पांडे, सतीश अरोरा, बबला मिश्रा, विक्की गुप्ता, बुद्धू सोनी, राजेंद्र यादव, सृजन केशरवानी, राजा जायसवाल एवं बब्बू गुप्ता सहित भक्तजन शामिल हुए।

### बालिकाओं को बांटी गई कॉपी-पेन

**बालोद।** महिला कमाण्डो ने जनसहयोग से स्कूलों में जाकर बालिकाओं को कापी, पेन देकर उनका हौसला बढ़ाया। जामुडवही विकासखण्ड डौण्डी, परसदा विकासखण्ड बालोद की कमांडो ने पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। अनुसुईया बाई कहती हैं कि हम लोग डौण्डी ब्लाक के ग्राम में रहते हैं, हमें स्कूल में जाकर बच्चों को आगे लाना अच्छा लगा। कचरी बाई ग्राम परसादा निवासी कहती है कि इस प्रकार से हमें आगे बढ़ाने वाले नहीं थे, आज स्कूल में आकर मोला मोर बचपन याद आगे, ऐसे लगीस जैसे कापी, पेन बांट के बहुत पुण्य के काम करे हन। पद्मश्री शमशाद बेगम ने बताया कि दस हजार बालिकाओं को कापी, पेन, कम्पास, स्कूल बैग प्रदान कर प्रोत्साहित करने लक्ष्य है। इस अवसर पर मनहरे राम, विशाल, नरेश, चैन सिंह, देवप्रसाद, अनुसुईया गावड़े, सावित्री बाई, टेमीन बाई, अशवन्तीन बाई का सहयोग रहा।



# राजधानी रायपुर में पाटन का युवा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

नेहरु युवा केन्द्र द्वारा 7 जुलाई को रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ विधानसभा के ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ यूथ असेंबली फॉर क्लाइमेंट एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- नेहरु युवा केन्द्र द्वारा किया गया कार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह थे। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ वन मंत्री केदार कश्यप, विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा, यूनिसेफ प्रमुख (छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा) विलियम हानलो जूनियर, यूनिसेफ से ही अभिषेक, श्वेता नेहरु युवा केन्द्र के राज्य निर्देशक श्रीकांत पांडे की उपस्थिति में इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ के युवाओं ने विधानसभा की तर्ज पर एक सत्र आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ के विभिन्न मुद्दे रखे और पक्ष विपक्ष की भूमिका निभाते हुए एक दूसरे को कटाक्ष किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने युवाओं से पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा का संकल्प दिलाया। इस बीच मिशन लाइफ के अंतर्गत उत्ष्ट कार्य करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह ने दुर्ग पाटन के युवा ढाल सिंह पिता लखन लाल साहू निवासी धमना पाटन को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।




कार्यक्रम के अंत में सभी युवाओं ने विधानसभा के अंदर जाकर वहां के बैठक व्यवस्था देखी। जिला युवा अधिकारी शर्मा ने बताया कि ढाल सिंह के नेतृत्व में नव युवा मित्र मंडल को सर्वश्रेष्ठ युवा मंडल सम्मान भी प्राप्त हुआ है विगत कई वर्षों से ढाल सिंह ने राष्ट्र स्तरीय स्वयं सेवक के रूप में पाटन ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों में युवा मंडल के माध्यम से जन जागरूकता, स्वच्छता, पोसान, पर्यावरण, योग, नशामुक्ति बिंदुओं पर सेवा दे रहे हैं। इस अवसर पर आदित्य भारद्वाज, प्रेमशंकर, उमेन्द्र, केवल, काजल, मुकेश, सुशील, सत्या, गौरव, निमेष उपस्थित थे।

**भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल होने पहुंचे थे चंद्रवाल**

# दल्ली राजहरा पहुंचे कलेक्टर, समस्याओं को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

दल्ली राजहरा उत्कल समिति के तत्वावधान में आयोजित महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा में सम्मिलित होने के लिए जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल अपर सचिव चंद्रकांत कौशिक दल्ली राजहरा विशेष तौर पर पहुंचे थे।

रथयात्रा से गंतव्य वापसी जाने के लिए जैन भवन चौक के पास अपनी गाड़ी का इंतजार कर रहे थे। वहां मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार अनुविभागीय दंडाधिकारी अधिकारी आर के सोनकर,भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे। चर्चा के दौरान राकेश द्विवेदी ने दल्ली राजहरा में स्वास्थ्य संबंधित सुविधाओं के अभाव की जानकारी दी। वहीं, उन्होंने 50 बिस्तर अस्पताल में स्टाफ और सुविधा की कमी के संबंध में बताया।



कलेक्टर चंद्रावल ने कहा कि दल्ली राजहरा में संचालित अस्पताल में स्टाफ की संख्या बढ़ाने की प्रकिया जारी है, जल्द ही वहां जरूरी सामानों की पूर्ति के लिए भी प्रयास किया जाएगा । कलेक्टर ने मुख्य महाप्रबंधक गहरवार ने बी एस पी द्वारा संचालित अस्पताल के संबंध में बताया कि बीएसपी राजहरा अस्पताल को स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य कर रहे बड़े संस्थानों से संचालन के संबंध में चर्चा चल रही है शीघ्र ही वह प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली जाएगी। वर्तमान में भिलाई से सप्ताह में कुछ दिनों के लिए स्पेशलिस्ट डॉक्टर को बुलाया जा रहा है। दल्ली राजहरा में बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

### जल्द हटाया जाएगा अतिक्रमण

कुछ लोगों द्वारा जब दल्ली राजहरा की बीएसपी क्षेत्र में अतिक्रमण की बात कहने पर कहा कि मुख्य महाप्रबंधक की ओर से अनुविभागीय दंडाधिकारी अधिकारी को पत्र प्रेषित किया जाएगा जिससे प्रशासन की ओर से सड़क के आसपास होने वाले अवैध निर्माण को अति शीघ्र ही तोड़कर रोड को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा।

### केंद्रीय विद्यालय के लिए नए सिरे से होगा सर्वे

केंद्रीय विद्यालय के संबंध में उन्होंने बताया कि नए सिरे से सर्वे करा कर दल्ली राजहरा में ही केंद्रीय विद्यालय बनाने के लिए सरकार से अनुशंसा की जाएगी। बाईपास सड़क के लिए नए सिरे से सर्वे कराया जा चुका है। इसके लिए भी बहुत जल्द ही काम चालू होने की उम्मीद है । बीएसपी कर्मचारियों ने बात रखी की दल्लीराजहरा में सड़क के किनारे विभिन्न प्रकार के भारी वाहन खड़े रहते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है । इस संबंध में उन्होंने कहा कि परिवहन संघ,व्यापारी संघ नगरपालिका और प्रशासन का संयुक्त बैठक, किया गया है एवं व्यापारियों को नोटिस भी जारी किया जा चुका है। रोड पर खड़ी गाड़ी मालिकों को समझाइश दी जा रही है एवं टायर लॉक करने की भी भी की जा रही है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

**खबर संक्षेप**



## स्वामी आत्मानंद स्कूल में हुआ न्योता भोज

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बेमेतरा में रुपेश कुमार धनंजय (कार्यपालन अभि. पी. एच. ई.) द्वारा सेजेस बेमेतरा के पहली से आठवीं कक्षाओं के सभी छात्र-छात्राओं को न्योता भोज' दिया गया। न्योता भोज में खीर-पूड़ी, जीरा राईस, मटर पनीर, पापड़, सलाद एवं फल परोसा गया। इस दौरान नीतू कोठारी (वार्ड नं.11 पार्षद), पालकगण, स्कूल के प्रधान पाठिका (माध्यमिक) वर्षा साहू, प्रधान पाठिका (प्राथमिक) अनामिका रंजित एवं शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

## शेयर के नाम पर शिक्षक से 11 लाख की ठगी

**भिलाई।** शेयर मार्केट के नाम ऑनलाइन ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने धारा 420, 120बी के तहत जुर्म दर्ज किया है। ग्राम देउरझाल उतई निवासी ओमन कुमार मारकंडे को शेयर मार्केट में निवेश कर लाभ मिलने का झांसा देकर अज्ञात आरोपी ने 11 लाख 17 हजार 285 रुपए का ठगी किया है। शिकायत में पुलिस को बताया गया है कि मोबाइल पर आरोपी ने वाट्सअप ग्रुप वेल्थ समिट ए-65 के नाम से जोडा गया। जिसके संचालक संजय शर्मा, लीला नंदी,पुजा गुमा ग्रुप एडमीन के द्वारा फेसबुक और वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से लिंक भेजा। इसके बाद पीड़ित को शेयर मार्केट में निवेश करने के नाम पर अधिक लाभ होना बताया था। पीड़ित से आरोपियों ने विभिन्न खातों में 10 अप्रैल से 28 मई 2024 के बीच 11 लाख 17 हजार 285 रुपए जमा कराया गया। वाट्सअप ग्रुप वेल्थ समिट ए-65 के संचालको द्वारा ऑनलाईन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर साजिश रची और ठगी किया। आरोपियों ने पीड़ित को फर्जी इंस्टीटूशनल शेयर मार्केट ट्रेडिंग कराने और प्रलोभन का झांसा दिया था। पीड़ित ओमन कुमार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर विख. डौण्डी जिला बालोद में शिक्षक है।

## चावल की तस्करी, ऑटो से 10 क्विंटल जब्त

**भिलाई।** अवैध रुप से पीडीएस चावल की तस्करी करते एक आटो को पकड़ा गया है। जिसे वैशाली नगर पुलिस थाने में खडा कर दिया दिया गया है। मौके पर खाद्य विभाग की टीम भी पहुची और जांच में जुट गई है। सहायक खाद्य अधिकारी वसुधा गुप्ता वैशाली नगर थाने पहुंचकर चावल को चेक किया। अधिकारी ने चॉवल से भरे ऑटो को थाने में ही खड़े रखने की बात कही। मिली जानकारी के मुताबिक आटो सीजी 07 बीसी 4940 में 10 क्विंटल चावल लोड है। जो सफेद बोरियों में भरा हुआ है। जांच में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह सरकारी चावल है या बाहर से खरीदा गया। सहायक खाद्य अधिकारी वसुधा गुप्ता के मुताबिक नान इंस्पेक्टर को जानकारी दी गई है। उनके आने के बाद चावल का सैंपल लिया जाएगा। इसके बाद इसे लैब में टेस्ट करेंगे कि वो पीडीएस का चावल है या नहीं। नान की रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में कार्रवाई होगी।

### बीजागोड़ स्कूल में चला एक पेड़ माँ के नाम अभियान, बताया महत्व

# पेड़-पौधों से हमें लकड़ी, छाया फल-फूल व औषधि प्राप्त होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ विकासखण्ड साजा में पौधारोपण किया गया।

वन महोत्सव के उपलक्ष्य में शाला परिवार ने मिलकर अपने अपने नाम से फलदार और फुलदार पेड़ कनेर, अशोक, ऑवला, नींबू तथा मीठा नीम जैसे छायादार और फलदार पेड़ लगाए ।नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने जनमानस को भी एक पेड़ माँ के नाम लगाने के प्रधानमंत्री के संदेश को जन जन तक पहुँचाने की अपील की। नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार इन वृक्षों में देवताओं का वास होता है। तभी तो तुलसी, ऑवला के वृक्ष की घरों में पूजा की जाती है।वृक्षों के महत्व पर बच्चों से चर्चा करते हुये कहा कि कनेर के फूल पूजा में काम आते हैं यह कई रंगों में पाया जाता है इसके फूलों से हम बहुत सुंदर रंगोली बनाते है और साज श्रृंगार में उपयोग करते हैं। ऑवला नवमी में आँवले के पेड़ की पूजा करते है तथा उसके नीचे बैठ भोजन करने की पौराणिक कथाओं में वर्णन है। ऐसा करने से बहुत पुण्य की प्राप्ति होती है। नींबू तथा मीठा नीम भोजन में स्वाद बढ़ाने के काम आता है। इसके साथ ही हमें पेड़ों से हमें फल, फूल, लकड़ी, छाया और औषधि मिलती है। पेड़ भूमि संरक्षण में भी सहायक है। साथ ही विभिन्न जीव जंतुओं के आश्रयदाता भी होते हैं। शाला के प्रधान पाठक विशेषर नेताम एवं शाला परिवार ने पर्यावरण के प्रति लगाव एवं पौधों की सुरक्षा का संकल्प लेकर जनमानस को एक सुंदर प्रेरणा दी।





## राखी स्कूल में पालकों ने लगाए पौधे



**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं शासकीय प्राथमिक शाला राखी में शाला प्रबंध समिति एवं पालक शिक्षक समिति की एक आवश्यक बैठक रखी गई। सर्वप्रथम उपस्थित पालकों एवं शिक्षकों के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका गायत्री जोगी और प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका किरण कुंजाम के द्वारा पालकों का गुलाल से तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे। पालकों से बच्चों की उपस्थिति, पढ़ाई का स्तर और गुणवत्ता पर विस्तृत चर्चा की गई। पालकों की उपस्थिति में शाला प्रबंधन समिति का पुनर्गठन संपन्न हुआ। जिसमें सर्व सहमति से पूर्व माध्यमिक शाला में राकेश टंडन को अध्यक्ष और बसंत पाल को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसी प्रकार प्राथमिक शाला में टहल राम साहू को अध्यक्ष और राकेश मांडवी को उपाध्यक्ष बनाया गया। साथ ही उपस्थित सभी पालकों द्वारा एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत एक एक पौधारोपण विद्यालय परिसर में किया गया। साथ ही उसके संरक्षण व देखरेख की जिम्मेदारी भी पालकों द्वारा ली गई। बच्चों ने भी अपने पालकों के इस पुनीत कार्य को पूर्ण करने में सहयोग दिया। साथ ही विद्यालय के शिक्षकों ने भी एक एक पेड़ लगाकर देखरेख की जिम्मेदारी ली।इस कार्यक्रम में सुनील कुमार साहू, पुरन यादव, उमा धुर्वे, दुलारी धुर्वे, रामेश्वरी यादव, पार्वती यादव, दूरपति यादव, सावित्री यादव, भक्ता, दादू साहू, प्रधान पाठिका गायत्री जोगी, किरण कुंजाम, सरोज साहू, प्रतीक्षा दुबे, नीलम देवांगन, कमलेश्वरी साहू आदि उपस्थित थे।

## स्काउट-गाइड ने लगाए पौधे सुरक्षा करने का लिया संकल्प

**बेमेतरा।** भारत स्काउट एवं गाइड राज्य मुख्यालय के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव ,राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के मार्गदर्शन में जिले में एक साथ पौधारोपण किया गया। भारत स्काउट गाइड जिला बेमेतरा के द्वारा भी ग्राम झाल विकास खंड बेमेतरा व वन विभाग के विशेष सहयोग से ग्राम पंचायत भवन परिसर, प्राथमिक चिकित्सा भवन परिसर, शासकीय हाई स्कूल, प्राथमिक एवं पूर्व माध्य शाला में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत झाल के सरपंच पिंकी वर्मा, नंद किशोर वर्मा (सरपंच प्रतिनिधि), नारेन्द्र वर्मा (जिला मिशन समन्वयक), खिरामन वर्मा (एम आई एस प्रसाशक, राजेश ठाकुर प्राचार्य शा हाईस्कूल झाल, पोखन राम साहू (प्रधानपाठक शा प्राथमिक शाला झाल),डॉ भुवनेश्वर साहू, डॉ लेखू साहू, योगेन्द्र वर्मा, डामन साहू ग्राम झाल के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिले के अलग अलग शालाओं से 244 स्काउट गाइड रोवर रेंजर सम्मिलित हुए और वृक्षारोपण करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उक्त कार्यक्रम में जिला सचिव सत्यनारायण साहू, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) महेश साहू, हिरउ राम ध्रुव शा उ मा वि तिलईकुडा, फनेन्द्र लोधी जिला संगठन आयुक्त, ईश्वर साहू प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल परसबोड, गौकरन पाटिल हाई स्कूल भद्राली, राधा वर्मा शा उ मा वि कटई, पोषण जैसवाल न्यु गुरुकुल नवागढ के साथ साथ प्रभारी एवं ग्रामीण गण तथा राजीव ओपन रोवर क्रू के रोवर, माँ भद्रकाली ओपन रेंजर टीम के रेंजर सम्मिलित हुए।

# केंद्रीय जांच दलों ने किया जल जीवन मिशन के कार्यों का भौतिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण बेमेतरा जिले में केन्द्रीय जांच दल का द्वारा किया गया। दो सदस्यीय दल में व्हाय. के. सिंग डायरेक्टर डीडीडब्ल्यूएस एनजेजेएम एवं एस. परमेश्वरन रूरल इन्फ्रास्ट्रक्चर कंसल्टेंट एनजेजेएम शामिल थे। जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण प्रथम दिवस 6 जुलाई को ग्राम आन्दू, बालसमुंद एवं अमोरा का निरीक्षण किया गया। दूसरे दिन 7 जुलाई को प्रातः 8 बजे जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा से जल जीवन मिशन के कार्यों पर विस्तार से चर्चा कर जांच दल द्वारा ग्राम ढोलिया, करचुवा (ख), सैगोना, खुरूसबोड़ (आर.), पदमी एवं मोतेसरा में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस प्रकार केन्द्रीय दल द्वारा जिला बेमेतरा में दो दिवसीय प्रवास के दौरान कुल 9 ग्रामों का देखा।

- दो दिवसीय प्रवास के दौरान 9 ग्रामों के कार्यों को देखा

### ये भी रहे मौजूद

जांच दल के साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एस.के. बृजपुरिया अधीक्षण अभियंता दुर्ग मण्डल दुर्ग, श्री माल्वे अधीक्षण अभियंता मण्डल रायपुर, रूपेश कुमार धनंजय कार्यपालन अभियंता बेमेतरा, अनिल कुमार लोनारे सहायक अभियंता, संतोष कुमार नायक सहायक अभियंता, रूद्र प्रताप सिंह ध्रुव सहायक अभियंता, दाऊराम बंजारे सहायक अभियंता, एवं उपअभियंताओं तथा अन्य विभाग कर्मचारी मौजूद रहे।

### सोखता गड्ढा निर्माण करने किया प्रेरित

जांच दल द्वारा प्रत्येक ग्राम में निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से ग्राम में जाकर ग्रामीणों से पेयजल के संबंध में चर्चा, वीवीएससी के सदस्यों, जल बहिनियों से जल की गुणवत्ता परीक्षण के संबंध में तथा स्वच्छ पेयजल की रखरखाव की जानकारी ली गई। ग्रामवासियों को जल संरक्षण के संबंध में सोखता गड्ढा के निर्माण करने के लिए प्रेरित किया गया। पेयजल के संबंध में ग्रामवासियों से उनकी राय एवं समस्या सुनी गई एवं उक्त संबंध में विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जल जीवन मिशन के तहत ग्राम में चल रहे प्रत्येक कार्यों जैसे एफ.एच.टी.सी., उच्च स्तरीय जलागार, क्लोरिनेटर सिस्टम आदि के गुणवत्ता का मुआयना किया गया। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता की स्थिति, गुणवत्ता परीक्षण, वाल्वचेम्बर की सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु विभाग को निर्देशित किया गया।

# छत्तीसगढ़ मानस संगठन के जिलाध्यक्ष चुने गए भागवत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



छत्तीसगढ़ मानस संगठन की 24वां राज्यस्तरीय बैठक राजपूत क्षत्रिय समाज के महाराणा प्रताप भवन थान खम्हरिया में 7 जुलाई, रविवार रथयात्रा के अवसर पर हुआ। भागवत निर्मलकर जिलाध्यक्ष व तोरन चंद्राकर को मिली ब्लाक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस बैठक में बेमेतरा जिले के अलावा बालोद,दुर्ग,धमतरी व कबीरधाम के मानस प्रेमी सम्मिलित हुए। इस बैठक में सर्वसम्मति से बेमेतरा जिला व साजा ब्लॉक के नवीन कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न हुआ। छत्तीसगढ़ मानस संगठन के राज्य स्तरीय चुनाव प्रभारी व वरिष्ठ सलाहकार मनमोहन साहू ने चुनाव प्रक्रिया का संचालन किया । सर्वप्रथम चुनाव प्रक्रिया के नियमों व शर्तों की जानकारी दी गई। नामांकन फार्म शुल्क जमा लेकर जांच की गई । फिर बेमेतरा जिला व साजा ब्लॉक के लोगों को अलग से बैठक व्यवस्था देकर आपसी सहमति से निर्विरोध सारे चुनाव सम्पन्न कराए गए।

जिले से तोरन लाल चंद्राकर, नवनिर्वाचित साजा ब्लॉक अध्यक्ष खेलन सिंह राजपूत, नवनिर्वाचित साजा ब्लॉक उपाध्यक्ष रविदास मानिकपुरी, नव निर्वाचित ब्लॉक सचिव तहसील साजा आत्मा राम पटेल, नव निर्वाचित कोषाध्यक्ष साजा तहसील चेतन सिन्हा, नवनिर्वाचित सह सचिव विकासखण्ड साजा श्रवण साहू,नव निर्वाचित मीडिया प्रभारी तहसील साजा भागवत राम निर्मलकर, नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष बेमेतरा विश्वनाथ सिन्हा, नव निर्वाचित उपाध्यक्ष बेमेतरा महेंद्र सिंह चौहान, संरक्षक बेमेतरा दीपक साहू, जिला मीडिया प्रभारी बेमेतरा राजकुमार रजक, अध्यक्ष शक्ति केंद्र सेमरिया सुखदेव साहू, सचिव ग्राम रौद्रा, राधे साहू रौद्रा, शीतल कुमार साहू कोर्रा, हरिश्चंद्र साहू , रमेन्द्र रजक , गंगा प्रसाद सिन्हा , विश्वनाथ साहू ,जयकिशन चंद्राकर , दीपक साहू , आत्मा राम पटेल , राजकुमार रजक , खेलन सिंह राजपूत , तोरण लाल चंद्राकर, श्रवण साहू, यशवंत साहू ,रज्जू सूर्यवंशी समेत 54 की संख्या में मानस प्रेमी मौजूद रहे।

व्याख्याकार-उद्घोषक कार्यशाला को लेकर हुई चर्चा

बैठक में बहुत जल्द आयोजित होने वाले व्याख्याकार- उद्घोषक कार्यशाला के आयोजन की रुपरेखा पर भी चर्चा की गई। पूर्व निर्धारित आयोजन की रूपरेखा पर आंशिक संशोधन की गई। यह कार्यशाला दो दिवसीय आवासीय होगा । इसके लिये 500 रु शुल्क जमा करना होगा। यह रायपुर अथवा दुर्ग सम्भाग में होगा।आगामी राज्यस्तरीय बैठक में फिर से एक साथ बलौदाबाजार,महासमुंद, बिलाईगढ़ जिलों के पदाधिकारियों का चुनाव/मनोनयन होगा।

# सांसद बघेल की निकली आभार रैली, जगह-जगह स्वागत, भाजपा कार्यकर्ताओं ने लड्डुओं से तौला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ऐतहासिक जीत के बाद आभार जताने प्रथम बार जिला मुख्यालय आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद विजय बघेल का जगह-जगह भव्य स्वागत किया। उत्साहित भाजपा नेताओं व कार्यकर्ता ने विधायक दीपेश साहू एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के नेतृत्व में पुराना बस स्टैंड चौक में सांसद बघेल को लड्डुओं से तौल कर उनका अभिनंदन किए । इस दौरान जमकर आतिश बाजी की गई। वही गाजे बाजे की धुन में कार्यकर्ता थिरकते रहे। इसके पूर्व सांसद बघेल की भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जिला मुख्यालय की सीमा स्थित सिंघौरी वार्ड से रैली निकाली गई । रास्तेभर सांसद विजय बघेल व भाजपा नेता आमजनों का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित करते रहे।

- विधायक दीपेश,पूर्व नपा अध्यक्ष सिन्हा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जमकर की आतिशबाजी



**जिले ने पिछली बार से अधिक मतों से विजयी बनाया,**

**कृतज्ञ रहूंगा: सांसद बघेल**

सांसद विजय बघेल ने राममंदिर परिसर में बने मंच से उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि बेमेतरा जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र से पिछले बार से अधिक मतों से जीत दर्ज कराकर जनता ने उन्हें दोबारा सांसद बनाकर भरोसा कर एक अटूट विश्वास जताया है, जिसका मैं हमेशा ऋणी रहूंगा। जनता के इस विश्वास को हमेशा बनाए रखूंगा, यह मेरा संकल्प है।

वही मेरे साथ भाजपा के कार्यकर्ता भी इस जिम्मेदारी को निभाएंगे । इस दौरान उन्होंने बेमेतरा ,साजा नवागढ़ विधान सभा क्षेत्र के मतदाताओं के प्रति कृतज्ञ जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### समाज प्रमुखों का किया स्वागत जताया आभार

आभार रैली के पश्चात शहर के राम मंदिर परिसर में मंचीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल ने विधायक दीपेश साहू,जिला भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल,राजेंद्र शर्मा,योगेश तिवारी , संजय बघेल ,राजीव चौबे,राकेश खिचारिया ,राहुल टिकरिहा,राकेश मोहन शर्मा, जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा , विजय सुखवानी ,ललिता साहू,सुरेश पटेल ,रोशन दत्ता योगेश वर्मा,दीपक मोटवानी विकास तंबोली की मौजूदगी में साहू समाज ,कुर्मी समाज, ब्राह्मण समाज,सिख समाज ,मुस्लिम समाज,यादव समाज सोनी समाज ,सिंधी समाज,माहेश्वरी समाज,राजस्थानी मारवाड़ी समाज,सेन समाज सहित अन्य समाज के प्रमुखजनों के साथ साथ मतदाताओं पर फूलों की वर्षा कर सम्मानित करते हुए आभार व्यक्त किए।

### कलेक्टर ने बाढ़ आपदा से बचाव की आवश्यक तैयारियों का लिया जायजा

# शिवनाथ नदी में बाढ़ आपदा से बचाव के लिए किया गया मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय से 15 कि.मी. दूर स्थित ग्राम अमोरा से बहते हुये शिवनाथ नदी में बाढ़ आपदा से बचाव के लिए मॉकड्रिल पूर्वाभ्यास का आयोजन सोमवार को किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को घर में मौजूद सामग्री का बाढ़ में किस तरह उपयोग कर सकते हैं, इसका डेमो दिया गया।

- मॉक ड्रिल: रेस्क्यू टीम ने घटनास्थल पर लोगों को बचाने किया अभ्यास

कलेक्टर ने बाढ़ आपदा से बचाव की आवश्यक तैयारियों का भी जायजा लिया और स्वयं उपस्थित होकर सम्पूर्ण क्रियाकलाप देखी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, एडीएम अनिल वाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई सर्व एसडीएम, जनसंपर्क विभाग कि टीम, स्वास्थ्य विभाग कि टीम, संबंधित अधिकारी एवं राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।



नगर सेना विभाग द्वारा जिले एवं संभागीय स्तर पर उपलब्ध समस्त बाढ़ बचाव सामग्रियों का मॉकड्रिल किया गया। कलेक्टर श्री शर्मा ने राज्य आपदा मोचन दल की तैयारियों की सराहाना की। मॉकड्रिल में अतिवृष्टि के दौरान ग्रामीण जन लकड़ी या छोटे-छोटे बोट के माध्यम से नदी पार करते समय बोट पलटी हो जाने एवं गांव में पानी भर जाने की स्थिति में किस प्रकार से जिले में उपलब्ध मोटर बोट, स्क्यूबा डायविंग, अंडरवाटर कैमरा, लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय आस्का लाइट, पेलिकन लाइट, सर्च लाइट विभिन्न प्रकार के चैन-सा का प्रयोग कर बाढ़ बचाव कार्य का लाइव डेमो का आयोजन किया गया। जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के घरों में उपलब्ध होने वाली सामग्रियों जैसे गोल बर्तन, भगोना, ड्रम, मटका, ट्यूब, प्लास्टिक बॉटल, इत्यादि सामग्रियों का राप्ट बनाना एवं पीने वाले एक लीटर पानी की बोतल को एयर टाइट कर लाइफ जैकेट बनाकर डूबते हुए व्यक्ति को बचाया जा सकता है । मॉक ड्रिल एसडीआरएफ के जवान और जिले के बाढ़ बचाव दल के जवान द्वारा किया गया।

बाढ़ आपदा में बचाव के लिए मॉक ड्रिल एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य आपदा के समय त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना होता है। इसमें बाढ़ की स्थिति का सटीक सिमुलेशन किया जाता है। इससे आपातकालीन सेवाओं को वास्तविक स्थिति में अभ्यास करने का अवसर मिलता है।

इसमें बाढ़ के दौरान लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाना, प्राथमिक चिकित्सा देना, और आपदा प्रबंधन के अन्य पहलुओं को शामिल किया जाता है। मॉक ड्रिल का एक और उद्देश्य जनसाधारण को जागरूक करना भी होता है। लोगों को सिखाया जाता है कि बाढ़ आने पर उन्हें क्या करना चाहिए, कहाँ शरण लेनी चाहिए, और किस तरह की सहायता उपलब्ध होगी । इस प्रकार की मॉक ड्रिलें यह सुनिश्चित करती हैं कि आपदा के समय लोग और प्रशासन मिलकर प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें और जान-माल के नुकसान को कम किया जा सके ।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने की नियमितीकरण की मांग

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के कर्मचारियों ने लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि व संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण सहित 18 बिंदु माँग को लेकर ज्ञापन सौंपा। सांसद विजय बघेल के साजा कार्यक्रम में स्वास्थ्य संविदा कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने अपने लंबित पुरानी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञात हो कि भाजपा की घोषणा समिति के अध्यक्ष विजय बघेल ही रहे हैं। उन्होंने अपने घोषणा पत्र, जिसे मोदी की गारंटी कहा गया था, में संविदा कर्मचारियों को नियमितीकरण की बात कही गई थी। पिछले जुलाई में विधानसभा बजट सत्र के दौरान सभी विभागों के 37000 हजार संविदा कर्मियों के लिए 350 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। जिसमें मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण सड़क योजना सहित संविदा कर्मचारियों को इसका फायदा मिल चुका है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन व एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के संविदा कर्मचारियों को लंबीत 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का फायदा नहीं मिला है इसको लेकर कर्मचारियों में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कर्मचारियों की मांग पर श्री बघेल ने अतिशीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वाले में जिला अध्यक्ष एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ पूरन दास, डॉ बृजेश दुबे, नवीन चौहान, डॉ विपिन सोनी, डॉ खान, तारकेश्वर सिन्हा, अरुण यादव आईसीटीसी,अभिषेक राजपूत आईसीटीसी सहित कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे।